जरूरतमंदों के साथ खड़ी है सरकार, हर उचित समस्या का करेगी निदानः मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ ने पुलिस व राजस्व संबंधी मामलों के समय से निस्तारण पर दिया जोर

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित दिग्विजय नाथ स्मृति भवन के बाहर 'जनता दर्शन' किया। यहां प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 200 लोग अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी की समस्या सुनी और उचित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है, सभी की उचित समस्या का निदान कराएगी। सीएम योगी ने मामलों के निस्तारण के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और समयसीमा के भीतर होना चाहिए।

समय सीमा के भीतर पीड़ितों को न्याय दिलाएं : 'जनता दर्शन' में पुलिस व राजस्व संबंधी शिकायतों पर सीएम ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। समयसीमा के भीतर पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।

इलाज की चिंता सरकार पर छोड़ दें : इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि आप परिजनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। इलाज की चिंता सरकार पर छोड़ दें, सरकार इलाज में मदद करेगी। जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। लोगों को विवेकाधीन कोष से भी सहायता दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

गोरक्षपीठाधीश्वर ने की गोसेवा, बच्चों पर लुटाया प्यार : गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रात:काल महायोगी गुरु गोरखनाथ, ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से गुड़-रोटी खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। फिर मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए परिजनों के साथ आए बच्चों को पास बुलाकर उन्हें दुलारा, पढ़ाई के बारे में बातचीत की और उन्हें चॉकलेट दी। 'जनता दर्शन' के दौरान भी सीएम ने बच्चों को चॉकलेट दी और खूब मन लगाकर पढ़ने-आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई प्रवक्ता भर्ती प्रारंभिक परीक्षा, 3438 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता भर्ती प्रारंभिक परीक्षा-2025 रविवार को जनपद के नौ परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की गई, जिसमें कुल 3438 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई थी।

रविवार सुबह से ही सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रवेश से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन जांच की गई। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुबह 8:45 बजे परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। इससे कई देर से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को बाहर ही लौटना पड़ा।

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर पुलिस बल के साथ-साथ सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए रखी और केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी बृजेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था और अभ्यर्थियों के लिए की गई सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

जनपद में नगर पालिका इंटर कॉलेज औरैया, तिलक इंटर कॉलेज औरैया, जनता इंटर कॉलेज ककोर बुजुर्ग, श्री जनता इंटर कॉलेज अजीतमल, जिला पंचायत इंटर कॉलेज मुरादगंज समेत कुल नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा नकल की शिकायत प्राप्त नहीं हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आयोग की मंशा के अनुरूप पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया है।

सुबह टहलने निकले व्यक्ति को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में अदलहाट थाना क्षेत्र के अदलहाट-शेरवां मार्ग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 54 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। बड़भुइली गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।बड़भुइली गांव निवासी नंदलाल (54) पुत्र शोभनाथ रोज की तरह सुबह टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान अदलहाट से शेरवां की ओर जा रहे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर आज यात्री सेवा दिवस मनाएंगे : निदेशक

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी : उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा के निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि वाराणसी में हवाई अड्डे पर उत्सव का माहौल होने जा रहा है। कल 15 जून को यात्री सेवा दिवस मनाया जाएगा।

इसके लिए पूरी तरह की गई है। अपने यात्रियों को समर्पित विशेष गतिविधियों के कार्यक्रम की रूपरेखा बनी हैं। हमारे यात्रियों की मुस्कान ही हमारे काम को पूरा करती है। इस उत्सव की झलकियों के लिए हमारे सहकर्मी में उत्साह है।

निदेशक पुनीत ने रविवार को बताया कि 15 जून को प्रात: काल सात बजे से लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, हवाई अड्डे पर आने वाले यात्रियों का पौधा देकर और तिलक लगाकर स्वागत, विमानन

क्षेत्र की महिला बल और स्वच्छता कर्मियों का सम्मान, सांस्कृतिक नृत्य, बच्चों के लिए चित्रकला और सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने जैसे तमाम आयोजन होगें।

अक्टूबर में एयरशो की अभी से तैयारी

वाराणसी के नमो घाट पर 20 अक्टूबर से सूर्य किरण जेट के नौ एयरक्राफ्ट वाराणसी आ जाएंगे। पांच दिन अभ्यास होगा। इस दौरान एयर शो होगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य अतिथि के रूप में रहना प्रस्तावित है। एयर शो के लिए वर्तमान समय में नमो घाट और हवाई अड्डे पर तैयारियां चल रही हैं।

जीवनधारा पौधारोपण अभियान हुआ गतिशील, शहीद भगत सिंह पार्क में लगाए विभिन्न प्रजातियों के पौधे

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया : पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाजसेवी संस्था एक विचित्र पहल सेवा समिति (रजि.) उत्तर प्रदेश के औरैया द्वारा संचालित जीवनधारा पौधारोपण अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। अभियान के तहत रविवार सुबह आवास विकास कॉलोनी स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों को सौंपी गई।

समिति द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू किए गए 5100 पौधों के पौधारोपण लक्ष्य के अंतर्गत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, पार्कों और प्रमुख मार्गों पर लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बेलपत्र, अशोक, आंवला, पकड़िया, गुड़हल, चितवन, कदम, हरसिंगार और चांदनी सहित कई छायादार एवं उपयोगी पौधे लगाए गए।

पौधारोपण के बाद आयोजित पर्यावरण गोष्ठी में समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने कहा कि प्रकृति के साथ लगातार हो रही छेड़छाड़ का परिणाम पर्यावरण असंतुलन और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं। इनसे हमें प्राणवायु, फल, फूल, ईंधन तथा अनेक प्रकार की दुर्लभ औषधियां प्राप्त होती हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत यमुना तट, मंगला काली एवं देवकली मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, सार्वजनिक पार्कों, विद्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण के साथ लोगों को उनकी पसंद के पौधे नि:शुल्क वितरित भी किए जा रहे हैं।

अभियान को सहयोग देते हुए भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त समाजसेवी राकेश अवस्थी ने 21 पौधे तथा चिकित्सक डॉ. एल.एन. गुप्ता ने 5 पौधे संस्था को प्रदान किए। समिति के सदस्यों ने दोनों सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा समाज में हरियाली और जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

प्रयागराज। प्रयागराज जिले में स्थित करेली थाना क्षेत्र में साठफिट रोड के पास रविवार को सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि सड़क हादसे में नगर के धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर निवासी बीरू जैन (19) पुत्र प्रतीक जैन की मौत हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, बीरू जैन रविवार को मोटरसाइकिल से करेली थाना क्षेत्र में किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला। रास्ते में करेली के साठफिट रोड पर उसकी मोटरसाइकिल एक स्कूटी से टकराते हुए अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बीरू जैन गम्भीर रूप से घायल हो गया।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर मजदूरों से भरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, दर्जनों घायल

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, उरई : उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अलीगढ़ से महोबा जा रहा मजदूरों से भरा एक ट्रक छिरिया सलेमपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक में सवार दर्जनों मजदूर एवं उनके परिजन घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही जालौन पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस तथा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस ने यातायात को सुचारु कराते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति पर चिकित्सकों द्वारा निगरानी रखी जा रही है। दुर्घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा अन्य आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सभी का इलाज जारी है।

आपका राशिफल 15 जून

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। गात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-3-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को ह): स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक 3 6 9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पतन-पातन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक 4 6 9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच समझकर करें। शुभांक 3 5 7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्गजनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

18 बाल व बंधुआ मजदूर राजस्थान और हरियाणा से मुक्त, घर लौटे

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, बांदाः असंगठित मजदूर मोर्चा और लेबर डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रयासों से बांदा जनपद के 18 बाल एवं बंधुआ मजदूरों को राजस्थान और हरियाणा के ईंट भट्ठों से मुक्त करा लिया गया है। नवंबर 2025 में ठेकेदारों द्वारा एडवांस का लालच देकर ले जाए गए ये सभी अनुसूचित जाति के मजदूर महीनों से बंधक थे। 14 जून को ये सभी सुरक्षित अपने घर पहुंच गए हैं।

राजस्थान के श्रीगंगानगर और हरियाणा के रेवाड़ी स्थित भट्ठों पर इन मजदूरों से बिना मजदूरी दिए जबरन काम कराया जा रहा था। घर जाने की बात कहने पर ठेकेदार और मालिक इन्हें बच्चों समेत भट्ठे में झोंकने की धमकियां देते थे। 4-5 जून को मामले की जानकारी मिलने पर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार ने 8 जून को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सहित तीनों राज्यों के आला अधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की। लगातार दबाव के बाद 12 जून को प्रशासन ने टीम गठित कर सभी मजदूरों को मुक्त कराया।

मजदूरों की घर वापसी के बीच मोर्चा और फाउंडेशन ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बंधुआ मजदूरी कानून का ठीक से पालन नहीं किया और मजदूरों को बिना सुरक्षा व 'मुक्ति प्रमाण पत्र' के ही घर भेज दिया। वहीं, फाउंडेशन के अध्यक्ष भगवानदास सिंह यादव ने कहा कि स्थानीय रोजगार और त्वरित पुनर्वास के अभाव में ही बुंदेलखंड के मजदूरों का पलायन हो रहा है। फिलहाल ग्राम पून, चूहका पुरवा और बिसंडी के ये मुक्त मजदूर अपने घर पहुंच चुके हैं और सरकारी मदद व मुक्ति प्रमाण पत्र का इंतजार कर रहे हैं।

मतगणना कार्य में लापरवाही पर प्रगणक के आवास पर नोटिस चस्पा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में कथित लापरवाही बरतने पर तहसील प्रशासन ने रविवार को एक प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय तक उपस्थित न होने पर जनगणना अधिनियम 1948 की धारा-11 तथा भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी वीर पाल सिंह की ओर से जारी नोटिस के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय पतारा कम्पोजिट 1-8 के हेडमास्टर इंचार्ज वृजेन्द्र कुमार अनुरागी को ग्राम पतारा डांडा के एचएलबी संख्या-181 में प्रगणक नियुक्त किया गया था। आरोप है कि वह जनगणना कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं और कई बार फोन करने के बावजूद संपर्क नहीं हो सका। पर्यवेक्षक आनंद प्रकाश साहू ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि संबंधित प्रगणक न तो नियमित रूप से जनगणना कार्य कर रहे हैं और न ही फोन उठा रहे हैं। वहीं 12 जून को प्रस्तुत रिपोर्ट में उनके द्वारा किए गए कार्य को संदिग्ध बताया गया। इसके बाद प्रशासन ने जांच के लिए टीम गठित कर 13 जून को ग्राम पतारा डांडा में जांच के निर्देश दिए थे।

अखाड़ा घाट पर बड़ा हादसा टला, डूब रहे पांच श्रद्धालुओं को नाविकों ने बचाया

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुरः विंध्याचल के अखाड़ा घाट पर रविवार की रात करीब आठ बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्नान के दौरान एक ही परिवार के पांच श्रद्धालु गंगा में डूबने लगे। घाट पर मौजूद नाविकों की सूझबूझ और तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के अंबाला से आया परिवार मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन से पूर्व अखाड़ा घाट पर स्नान कर रहा था। इसी दौरान 42 वर्षीय आशीष का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जाने लगा। उसे बचाने के प्रयास में 21 वर्षीय सुमित, 17 वर्षीय समीर, 34 वर्षीय प्रेम और 27 वर्षीय राकी भी पानी में उतर गए। देखते ही देखते सभी डूबने लगे, जिससे घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही वहां मौजूद छह से अधिक नाविक बिना देर किए गंगा में कूद पड़े। नाव की सहायता से उन्होंने सभी पांचों श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

अपने सम्मान और राष्ट्रहित से कभी पीछे नहीं हटे महाराणा प्रताप इसीलिए हमारे आदर्श : राजनाथ

पाकिस्तान को दाना-पानी के लिए भी मोहताज बना दिया जाएगा

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, आगराः केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को आगरा शहर पहुंचे। उन्होंने आगरा के कस्बा शमशाबाद में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने संबोधन में कहा कि हम जाति, पंथ मजहब की राजनीति नहीं करते। हम इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करने वाले लोग हैं। और हमने जो कहा वो पूरा करके दिखाया। महाराणा प्रताप संकट के समय भी अपने सम्मान और राष्ट्रहित से कभी पीछे नहीं हटे, इसीलिए हमारे आदर्श हैं और उनके आदर्शों पर चलते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को करीब 2:30 बजे वायु सेना के विमान से खेरिया स्थित वायु सेना हवाई अड्डे पहुंचे। उनके स्वागत के लिए सांसद प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल समेत दर्जनों नेताओं ने स्वागत किया और फिर हवाई अड्डे से राजनाथ सिंह का काफिला सीधा शमशाबाद स्थित ग्राम सिकतरा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण स्थल पहुंचा। यहां उन्होंने वीर शिरोमणि की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदोरिया की देखरेख में एपी इंटर कॉलेज

शमशाबाद के मैदान में किसान, जवान, महिला स्वाभिमान रैली/जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हम जाति, पंथ मजहब की राजनीति नहीं करते। हम इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करने वाले लोग हैं। हम तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते। हमने जो कहा वो पूरा करके दिखाया। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 एक चुटकी में हटा दी। अयोध्या में राम मंदिर बनाया। हम राजनीति करने में डरते नहीं हैं। दूसरी पार्टियों के लोग डरते हैं। कहीं जाति नाराज हो जाए, कहीं धर्म वाले नाराज न हो जाएं। वोट मिले या ना मिले। महाराणा प्रताप चाहते तो मुगल शासक अकबर से समझौता कर महलों में आरामदायक जीवन बिता सकते थे, लेकिन उन्होंने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने महलों का बिस्तर छोड़कर पहाड़ों पर पत्थरों के बीच जीवन बिताया, लेकिन अपने सम्मान और राष्ट्रहित से कभी पीछे नहीं हटे। आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है। एक समय ऐसा था जब दुनिया भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेती थी, लेकिन अब भारत जो कहता है, पूरी दुनिया उसे ध्यान से सुनती है।वर्ष 2014 से पहले देश में आए दिन आतंकी घटनाएं होती थीं। आतंकियों के मारे जाने पर कुछ लोगों ने आंसू बहाए थे।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-रायसेन (म.प्र.)

क्र. /निविदा/2026/2223 रायसेन, दिनांक 09/06/26

निविदा प्रकाशन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायसेन में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव संसाधन (कम्प्यूटर ऑपरेटर, Peon एवं मल्टीस्किल्ड) ग्रुप-डी मैनपावर इत्यादि) की सेवाएं लेने हेतु इच्छुक निविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र भारत सरकार के पोर्टल की वेबसाइड https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू. 5000/- (रूपये पांच हजार मात्र) का पीसा डीडी के रूप में CHMO रायसेन के पक्ष में जमा करना होगा। यदि निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो भारत सरकार के पोर्टल की वेबसाइड https://gem.gov.in पर विजिट कर अवलोकन किया जा सकता है। उक्त ई-निविदा की डेटस निम्नानुसार है।

Bid Particulars	E-tender Key Dates Date & Time
Bid Publishing Date	12.06.26 05:00
Document Download/Sale Start Date	12.06.26 05:00
Bid Submission Start Date	12.06.26 05:00
Bid Submission Closing Date	06.07.26 05:00
Technical Bid Opening Date	07.07.26 05:00
Financial Bid Opening Date	After Opening of Technical Bid

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-रायसेन (म.प्र.)

जी-14384/26

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सामान्य) वनमाल नर्मदापुरम मध्यप्रदेश

विज्ञप्ति क्रमांक - 8 नर्मदापुरम, दिनांक: 08.06.2026

संक्षिप्त विज्ञप्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नर्मदापुरम सामान्य वनमण्डल में जप्तशुदा वाहन विभिन्न स्थानों पर (जहां है, जैसा है) के विक्रय हेतु खुली नीलामी दिनांक 29.06.2026 को वनमण्डल कार्यालय नर्मदापुरम में आमंत्रित की जाती है, जिसमें प्रथम चक्र में कोई भी वाहन अवरोध मूल्य से अधिक नहीं पाये जाने पर द्वितीय चरण दिनांक 30.06.2026 को खुली नीलामी रखी जाती है। द्वितीय चरण में खुली नीलामी अवरोध मूल्य से अधिक नहीं पाये जाने पर तृतीय चरण दिनांक 01.07.2026 को खुली नीलामी में निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त दिनांक को दोपहर 03:00 बजे खुली नीलामी रखी जावेगी।

निविदाकारों को निविदा प्रस्तुती के साथ जमानत के रूप में राशि 2000/- (दो हजार रूपये टू व्हीलर्स के लिए) एवं (थ्री एवं फोर व्हीलर्स) के लिए राशि 5000/- (पांच हजार रूपये का) बैंक ड्राफ्ट अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक का अधोहस्ताक्षरकर्ता के पदनाम (वनमण्डलाधिकारी नर्मदापुरम) के पक्ष में पृथक-पृथक वाहनवार प्रस्तुत करना होगा।

सफल निविदाकार को वाहन क्रय की राशि स्वीकृत आदेश जारी होने के 15 दिवस के अन्दर पूर्ण राशि जमा करना होगा। अन्यथा जमानत की राशि राजसात करते हुए वाहन क्रय की स्वीकृति निरस्त कर दी जावेगी। परिवहन विभाग में वाहन को पंजीकृत कराने का दायित्व क्रेता का होगा। फर्म द्वारा निविदा के साथ अपनी फर्म का अथवा स्वयं का पेन कार्ड एवं जी.एस.टी. नंबर देना अनिवार्य है, जी.एस.टी. 18 प्रतिशत नियमानुसार फर्म द्वारा देय होगा।

निविदा दर मान्य अथवा अमान्य करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा, एवं विवाद की स्थिति में नर्मदापुरम ज्यूडिशियल क्षेत्र होगा। वाहनों की सूची एवं अन्य शर्तें वनमण्डल कार्यालय नर्मदापुरम में कार्यालयीन समय पर सूचना पटल पर देखी जा सकती है। जिसमें मोटर साईकिल 32, पिकअप 4 कार 2, ट्रेक्टर ट्रॉली 04 एवं ट्रक 02 नग जो वनमंडल में ही भिन्न-भिन्न स्थानों पर रखे हुए है।

वनमंडलाधिकारी
वनमंडल सामान्य नर्मदापुरम

जी-14382/26